# ‘75 वंडर्स ऑफ उत्तर प्रदेश’ की थीम पर होगी ओडीओपी की ब्रांडिंग

## ओडीओपी प्रोडक्ट हर घर तक पहुंचाने को प्रदेश में चलेगा उपभोक्ता अभियान

लखनऊ। प्रदेश में ‘75 वंडर्स ऑफ उत्तर प्रदेश’ की थीम पर एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) की ब्रांडिंग होगी। ओडीओपी उत्पाद हर घर तक पहुंचाने के लिए पूरे प्रदेश में ओडीओपी उपभोक्ता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही यूपी समेत देश के प्रसिद्ध स्थलों, एयरपोर्ट, लोक भवन, यूपी सदन एवं बड़े पार्कों पर होर्डिंग और सरकारी वाहनों पर स्टीकर लगाकर ओडीओपी का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

यह जानकारी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निवेश तथा निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को खादी भवन में ओडीओपी की नई ब्रांडिंग रणनीति पर चर्चा के दौरान दी। उन्होंने कहा कि पावर ऑफ ब्रांडिंग के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के ओडीओपी उत्पादों को वाहनों में डिस्प्ले कर अलग-अलग शहरों में प्रदर्शित किया जाएगा। ओडीओपी योजना की सफलता पर आधारित लघु फिल्में बनवाकर मेलों, प्रदर्शनियों, सरकारी समारोह आदि आयोजनों में एलईडी के माध्यम से प्रसारित कराया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि लखनऊ में प्रमुख जगहों पर कटआउट लगाकर ओडीओपी का प्रमोशन किया जाए। इससे लोगों का ओडीओपी से भावनात्मक जुड़ाव होगा और हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को बड़ा बाजार मिल सकेगा। ब्यूरो